आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 30.01.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नारायणपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की चौबीसवीं किस्त जारी की।

2— सुकमा जिले में आज आठ लाख रूपए के चार इनामी माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

3— एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और महासमुंद पुलिस की टीम ने एम्बुलेंस से जब्त किया करीब दो करोड़ साठ लाख रूपए कीमत का गांजा—नौ आरोपी गिरफ्तार।

**और**

4— कृतज्ञ राष्ट्र आज महात्मा गांधी की पुण्यतिथि और शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है—छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भी किया नमन।

............

**<u>मुख्यमंत्री—नारायणपुर</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नारायणपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की चौबीसवीं किस्त की राशि जारी कर दी है। इस अवसर पर प्रदेश की अड़सठ लाख उनतालीस हजार से अधिक पात्र महिलाओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से कुल छह सौ इकतालीस करोड़ चौंतीस लाख रुपए की राशि का अंतरण किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने दो दिवसीय नारायणपुर प्रवास के दौरान आज 'गढ़बेंगाल घोटुल' पहुंचकर बस्तर की परंपराओं और लोक–संस्कृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। इस मौके पर पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने घोटुल की अनूठी स्थापत्य कला का अवलोकन किया और बस्तर की विभूतियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि घोटुल प्राचीन काल से ही आदिवासी समाज के लिए शैक्षणिक और संस्कार का केंद्र रहा है।

अपने प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने वैद्यराज पद्‌मश्री हेमचंद मांझी, पद्‌मश्री पंडीराम मंडावी और सुप्रसिद्ध लोक–कलाकार बुटलू राम से भेंट कर उनका सम्मान किया।

## माओवादी–आत्मसमर्पण

सुकमा जिले में आज चार माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें दो महिला माओवादी भी शामिल हैं। इन माओवादियों पर कुल् आठ लाख रूपए का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने आज सुकमा जिला मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज् पी. और सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण सहित सुरक्षा बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

वहीं, नारायणपुर जिले के कुमनार क्षेत्र में आज भारत तिब्बत सीमा पुलिस–आईटीबीपी ने एक सर्चिंग अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए एक बड़े डंप को बरामद किया है। इसमें वीएचएफ सेट, संचार उपकरण, डेटोनेटर, शेफ्टी फ्यूज, नक्सली साहित्य और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है।

## राज्यपाल–दीक्षांत समारोह

राज्यपाल रमेन डेका श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर तिरपन शोधार्थियों को पी.एच.डी उपाधि, उन्नीस विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक सहित एक हजार चार सौ

अड़तालीस  विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। इस समारोह में राज्यपाल ने पद्मश्री फूलबासन बाई यादव, छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लेखक कवि और गीतकार रामेश्वर वैष्णव तथा हिन्दी और छत्तीसगढ़ी के प्रसिद्ध नाट्य कलाकार और लेखक विजय मिश्रा को भी डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि ज्ञान का उपयोग केवल अपने हित के लिए नहीं बल्कि देश और समाज के हित के लिए होना चाहिए।

**<u>जमीन–गाइड लाइन दर</u>**

प्रदेश में जमीन की नई संशोधित गाइडलाइन दर जारी कर दी गई है। राज्य की जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर जमीन की नई गाइडलाइन दरों को मंजूरी देने के साथ प्रकाशित कर दिया गया है। नई गाइडलाइन में शहरी के मुकबाले ग्रामीण क्षेत्रों की दर में भारी कमी आई है। नई संशोधित गाइडलाइन दरें आज तीस जनवरी से प्रभावशील हो गई हैं।

**<u>गांजा तस्करी–आरोपी गिरफ्तार</u>**

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और महासमुंद पुलिस की टीम ने कोमाखान क्षेत्र में एक एम्बुलेंस से करीब दो करोड़ साठ लाख रूपए कीमत का पांच सौ बीस किलो का गांजा जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक थोक खरीददार, दो खुदरा बिक्रीकर्ता, एक परिवहन सरगना, चार परिवहनकर्ता और एक मुख्य थोक विक्रेता शामिल हैं। आरोपियों में प्रमुख खरीददार रामदास चंदू सोनवाने को पुणे से गिरफ्तार किया गया है। वहीं, गांजा परिवहन नेटवर्क चलाने वाले मुख्य सरगना आकाश जाधव को भी गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई ऑपरेशन निश्चय के तहत की गई है।

## पुलिस कमिश्नरेट–प्रतिबंध

नाबालिगों और युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए रायपुर पुलिस कमिश्नरेट ने रायपुर नगरीय क्षेत्र में रोलिंग पेपर, गोगो स्मोकिंग कोन और पर्फेक्ट रोल की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आदेश में कहा गया है कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, सामाजिक संगठनों और जनसामान्य से मिली जानकारी में यह तथ्य सामने आया था कि नाबालिगों और युवाओं द्वारा चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों के सेवन के लिए रोलिंग पेपर और स्मोकिंग कोन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। जारी आदेश के अनुसार रायपुर नगरीय क्षेत्र में पान की दुकान, किराना, चाय दुकान, कैफे और रेस्टोरेंट जैसे स्थानों से इन उत्पादों की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## डेयरी बोर्ड–दुग्ध

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर मिनेश शाह ने कहा है कि भारत में दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय में इज़ाफा करने के लिए अगले पांच वर्षों में पचहत्तर हजार नए गांवों को डेयरी सहकारिता से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह योजना "व्हाइट रिवोल्यूशन–टू" की दिशा में एक बड़ा कदम होगी। डॉक्टर शाह कल दुर्ग में श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।

डॉक्टर मिनेश शाह ने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड ने छत्तीसगढ़ के दुग्ध महासंघ का प्रबंधन संभाला है। राज्य में ग्यारह अधिकारी तैनात किए गए हैं और अब तक लगभग दो सौ गांवों में नई डेयरी समितियां बनाई जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 'देवभोग' ब्रांड के तहत दूध और दुग्ध उत्पादों की मार्केटिंग का विस्तार किया गया है।

## महात्मा गांधी–पुण्यतिथि

कृतज्ञ राष्ट्र आज महात्मा गांधी की अठहत्तरवीं पुण्यतिथि और शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। प्रतिवर्ष तीस जनवरी को पूरा देश महात्मा गांधी के जीवन और विरासत को याद करता है, जो देश के स्वतंत्रता संग्राम के मार्गदर्शक थे। इस दिन को शहीदी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

नई दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गांधी जी ने स्वदेशी पर हमेशा विशेष बल दिया, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का एक मूलभूत स्तंभ है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने मातृभूमि की सेवा के लिए सर्वस्व अर्पित कर दिया। उनके आदर्श और विचार देश सहित पूरी दुनिया के लिए आज भी प्रासंगिक हैं।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर स्थित निवास पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

## सिरपुर–महोत्सव

सिरपुर में एक से तीन फरवरी तक सिरपुर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे।

सिरपुर महोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री महासमुंद जिले में एक सौ निन्यानवे करोड़ रूपए से  अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।

सिरपुर महोत्सव का समापन समारोह तीन फरवरी को आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शामिल होंगे।

**यूथ ग्राम सभा प्रतियोगिता**

गरियाबंद जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा की टीम ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय मॉडल यूथ ग्राम सभा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय  द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के आठ सौ से अधिक विद्यालयों ने हिस्सा लिया। इस सफलता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने एकलव्य आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों को बधाई दी है।

**बातों–बातों–में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम **"बातों–बातों में"** इस बार पद्मश्री सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ से चुने गए डॉक्टर बुधरी ताती तथा सुनीता गोडबोले और उनके पति डॉ. रामचंद्र गोडबोले से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल इकतीस जनवरी को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– प्रदेश में समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी का कल अंतिम दिन है। कांग्रेस सहित विभिन्न किसान संगठनों ने राज्य सरकार से धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग की है।

और

– वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर में अंतरराष्ट्रीय केस सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उभरते बाजारों के संदर्भ में केस–आधारित शिक्षण को मजबूत करना है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>